Dainik Bhaskar (Indore), 21st April 2012, Page-02

# आईआईटी जमीन का सीमांकन पूरा

इंदौर। आईआईटी इंदौर की सिमरोल स्थित जमीन को लेकर सारी उलझनें दूर होने के बाद अब निर्माण की ओर कदम बढ़ रहे हैं। अब शासन ने करीब 501 एकड़ जमीन का सीमांकन करा दिया है। इसकी रिपोर्ट भी आईआईटी को सौंप दी है। रिपोर्ट के आधार पर आईआईटी प्रबंधन मास्टर प्लान को संशोधित कर जल्द निर्माण शुरू करेगा। आईआईटी के दोनों प्रवेश मार्ग के आसपास मौजूद अतिक्रमण पर भी प्रशासन सख्त हो गया है। महू एसडीओ अवनीश लवानिया ने कहा अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी है कि वे जल्द जगह खाली कर दें।